ग्वालियर को मिला आधार का अत्याधुनिक सेवा केंद्र

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. आधार सेवाओं को आम नागरिकों तक अधिक सुगमता, पारदर्शिता और दक्षता के साथ पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में पहले नए आधुनिकतम 'आधार सेवा



कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने किया शुभारंभ : स्वयं भी कराया आधार अपडेट

केंद्र' का संचालन आम जनता के लिए प्रारंभ कर दिया है। ग्वालियर के सचिन तेंदुलकर रोड स्थित इस सर्वसुविधायुक्त केंद्र का औपचारिक उद्घाटन जिला कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर UIDAI राज्य कार्यालय, भोपाल के निदेशक श्री सुमित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय तक मध्य प्रदेश में IDAI द्वारा सीधे संचालित आधार सेवा केंद्र केवल इंदौर और भोपाल में ही थे। इन दोनों केंद्रों की सेवाओं पर आम जनता का इतना अटूट विश्वास है कि प्रदेश के कोने-कोने से नागरिक अपने आधार संबंधी कार्यों के लिए वहाँ आते रहे हैं। जनता के इसी भरोसे को देखते हुए भारत सरकार ने देश के लगभग हर जिले में UIDAI के अपने आधार सेवा केंद्र शुरू करने की पहल की है। इसी कड़ी में अब ग्वालियर में इस सुविधा की शुरुआत की गई है।

UIDAI का यह नया केंद्र सप्ताह के सातों दिन कार्यरत रहेगा, जिससे कामकाजी लोगों और व्यवसायियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस केंद्र में आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण सर्विस देने के लिए आधार सेवा केंद्र मैनेजर भी उपस्थित रहेंगे। इसे पूरी तरह से सुलभ बनाने के लिए दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं के लिए खास सर्विस काउंटर बनाए गए हैं। साथ ही, यहाँ ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की भी व्यवस्था है ताकि नागरिक अपनी सुविधानुसार समय (टाइम स्लॉट) बुक कर सकें और बिना ज्यादा इंतज़ार किए अपना कार्य करा सकें।

> **आधार नागरिकों की पहचान का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज : कलेक्टर**
>
> जिला कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा, 'आधार सभी भारतीय नागरिकों की पहचान का बहुत ही इंपॉर्टेंट डॉक्यूमेंट है। समय-समय पर सभी नागरिकों को अपने आधार के बायोमेट्रिक अपडेट करना, मोबाइल नंबर अपडेट करना या नाम में सुधार कराना इत्यादि सर्विसेज की आवश्यकता लगती है। खास करके जो हमारे स्कूल के छोटे बच्चे हैं, जो नवीन सत्र में स्कूल में पहली बार प्रवेश कर रहे हैं, उनके लिए आधार होना बहुत अनिवार्य है। इस प्रकार के सेंटर्स निश्चित रूप से एक एडिशनल सर्विस के रूप में यहाँ के नागरिकों के लिए उपलब्ध हैं। यह एक सर्व-सुविधा युक्त सेंटर है। भारत सरकार और UIDAI की पूरी टीम की तरफ से ग्वालियर जिले के आम नागरिकों के लिए यह एक बहुत बड़ी सौगात है।'

> **तीन महीनों में 24 और जिलों में होगा विस्तार**
>
> कार्यक्रम में उपस्थित UIDAI राज्य कार्यालय, भोपाल के निदेशक श्री सुमित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश में UIDAI के ऐसे 12 आधार सेवा केंद्र सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश में आधार सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अगले तीन महीनों के भीतर 24 और जिलों में UIDAI के नए आधार सेवा केंद्र स्थापित किए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। इन केंद्रों के प्रारंभ होने से नागरिकों को अपने निकट ही बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी तथा उनके समय एवं संसाधनों की बड़ी बचत होगी।

एटीवीएम मशीन से स्वयं लें टिकट, रेल प्रशासन का जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. रेलवे स्टेशनों पर टिकट काउंटरों पर लगने वाली लंबी कतारों से यात्रियों को निजात दिलाने और

मंडल के 30 प्रमुख स्टेशनों पर लगीं 65 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें

त्वरित व सुविधाजनक टिकटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए झाँसी मंडल ने एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत यात्रियों को स्टेशनों पर स्थापित ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में झाँसी मंडल के 30 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुल 65 एटीवीएम मशीनें सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) अमन वर्मा ने बताया कि यह मशीन का उपयोग अत्यंत सरल और सुरक्षित है। इस मशीन के माध्यम से यात्री बिना किसी परेशानी के स्वयं ही अनारक्षित (जनरल) टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट प्राप्त कर सकते हैं और सीजन टिकट (एमएसटी) का नवीनीकरण भी करा सकते हैं। कई स्टेशनों पर इन मशीनों में डिजिटल भुगतान (यूपीआई/क्यू आर कोड) की सुविधा भी दी गई है, जिससे यात्रियों को खुले पैसों या नकदी रखने की चिंता से मुक्ति मिली है।

पंचर की दुकान से 50 लीटर डीजल जब्त

ग्वालियर 2 जुलाई. शहर में पंक्चर बनाने की आड़ में ज्वलनशील पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा है। गोला का मंदिर थाने के एएसआई गोपाल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जेबी मंधाराम फैक्ट्री के सामने एक पंक्चर की दुकान पर अवैध रूप से डीजल-पेट्रोल बेचा जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दुकान की तलाशी ली, जहां प्लास्टिक की तीन केनों में छिपाकर रखा गया 50 लीटर अवैध डीजल बरामद हुआ। पुलिस ने डीजल जब्त कर दुकान संचालक संजय कोरी (निवासी शांति नगर कॉलोनी) को गिरफ्तार कर लिया है।

ऑटो ने महिला को मारी टक्कर, हालत गंभीर

ग्वालियर 2 जुलाई. थाटीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्रानगर पीली कोठी के पास एक तेज रफ्तार ऑटो चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए किराना दुकान के बाहर खड़ी महिला को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो की टक्कर इतनी भयानक थी कि बादामी बाई नामक महिला सड़क पर दूर जा गिरीं और उनके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही महिला का बेटा राहुल मौके पर पहुंचा और घायल मां को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाटीपुर थाने में ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

जलभराव क्षेत्रों में करें निकासी की व्यवस्था

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. बारिश में होने वाले जलभराव वाले क्षेत्रों का अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुष्कर कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी में आम जनों ने जलभराव एवं सीवर आदि की समस्याओं के बारे में बताया। वहीं बैंक कॉलोनी में जलभराव को खत्म करने के लिए किए जा रहे नाला निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने के अपर आयुक्त ने निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री श्रीकांत कांटे, श्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता, श्री पवन शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री गौरव सेन एवं संबंधित क्षेत्र के

क्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।

अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव ने आज सुबह सबसे पहले मंशापूर्ण हनुमान मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया और जलभराव वाले स्थानों को देखा। अपर आयुक्त ने यहां नाली की सफाई करने एवं जलनिकासी के पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नए पड़ाव पुल के नीचे बनाए गए चिल्ड्रन पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क को खोलने एवं उसकी सफाई आदि करने के निर्देश दिए। साथ ही जलभराव को खत्म करने के निर्देश दिए। इसके बाद बैंक कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां पर आम जनों ने अपर आयुक्त को समस्याएं बताईं। जिसे हल करने के निर्देश दिए इसके बाद उन्होंने वार्ड 19 पुष्कर कॉलोनी में जलभराव एवं सीवर समस्या का निरीक्षण किया.

डीजल की अत्यधिक खपत पर निगमायुक्त सख्त , 11 वाहन चालकों को नोटिस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. डीजल का अपव्यय कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिस भी वाहन में सामान्य से अधिक डीजल खपत हो रही है उनका भौतिक परीक्षण करें तथा

कंडम वाहनों की होगी नीलामी

अधिक डीजल खपत वाले 11 वाहन चालकों को नोटिस जारी करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने कार्यशाला विभाग की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी कार्यशाला को दिए। साथ ही कार्यशाला में खडे ऐसे कंडम वाहन जिनका अब उपयोग नहीं हो सकता उन्हें नीलामी करने के लिए एक कमेटी का गठन करें और आवश्यक

कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बाल भवन के टीएलसी में आयोजित कार्यशाला विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव, सिटी प्लानर श्री सुरेश अहिरवार, नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी, श्री अजय ठाकुर, श्री गौरव सेन, उपयंत्री श्री संस्कार पाठक, सुश्री हिना यादव सहित सभी विधानसभा के डिपो प्रभारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा कार्यशाला विभाग के माध्यम से निगम में संचालित सभी वाहन एवं मशीनरी की जानकारी तथा स्वास्थ्य अधिकारियों से भी जानकारी ली कि जहां आवश्यकता से कम मशीनरी एवं वाहन हैं, इसकी जानकारी दें तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कार्यशाला विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी ली तथा नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी कर्मचारी लंबे समय से अनुपस्थित हैं अथवा कार्य के प्रति लापरवाह हैं उनके खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी एईबास पर उपस्थिति दर्ज करायें।

इसके साथ ही नाला मशीन को लेकर चर्चा की तथा नाला मशीन की उपयोगिता का परीक्षण करने के निर्देश दिए, साथ ही निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन एवं बीमा हो यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में डीजल खपत को लेकर चर्चा की गई तथा डीजल की खपत कम करने के लिए नोडल अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही सामान्य से अधिक डीजल खर्च करने वाले एम्बुलेंस चालक श्री विश्वेन्द्र, ट्रैक्टर टैंकर चालक श्री सुघर सिंह, श्री सुरेन्द्र, डम्पर चालक श्री धारा, श्री अनूप, टैंकर चालक श्री विशम्भर, श्री राहुल बंशकार, श्री विशान, श्री अनिल मिश्रा, स्काई लिफ्ट चालक श्री रामकुमार, श्री निरंजन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सीवर सफाई कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा निगम मशीनरी यूज किए जाने पर ठेकेदार से कटोत्रा करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही रोड स्वीपिंग मशीनों की जानकारी ली.

साइबर क्राइम का दोहरा वार 20 हजार के लोन के बदले 9 लाख की लूट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. शहर में साइबर ठगों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। जनकगंज थाना क्षेत्र के जीवाजीगंज में कार व्यवसायी शफीक खान को 20 हजार रुपये का ऑनलाइन लोन देने के बहाने ठगों ने उनके मोबाइल का कॉन्टैक्ट लिस्ट और गैलरी हैक कर ली। इसके बाद एडिट की गई अश्लील तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर कुल 9 अलग-अलग ऐप्स के जरिए उनसे करीब 8.91 लाख रुपये ऐंठ लिए। ?वहीं दूसरी ओर, गोला का मंदिर थाना क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी में रहने वाली नीतू मिश्रा का मोबाइल हैक कर साइबर अपराधियों ने उनके बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते से मात्र 10 दिनों में 8 बार ट्रांजेक्शन कर 3.05 लाख रुपये साफ कर दिए। दोनों ही मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बारिश की बूंदों ने दिलाई उमस से राहत,लोगों ने ली चैन की सांस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. भीषण और दमघोंटू उमस से बेहाल

अगले 5 दिनों तक झमाझम के आसार

शहरवासियों को मानसून की हल्की बौछारों ने बड़ी राहत दी है।गुरुवार को दोपहर में हुई हल्की बारिश से शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से

6.5 डिग्री कम होकर 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में आर्द्रता 86 प्रतिशत दर्ज की गई है और इस सीजन में अब तक कुल 41.5 मिमी बारिश हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि आने वाले 5 दिनों तक शहर और आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश होने की पूरी संभावना है।

शादी का झांसा देकर 3 साल तक किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही दतिया की एक 21 वर्षीय छात्रा को शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। दतिया निवासी आरोपी दीपक (जो पीड़िता का रिश्तेदार भी है) ने आमखो स्थित किराए के कमरे पर छात्रा से दोस्ती की और शादी का नाटक रचकर एक मंदिर में नकली शादी कर ली। आरोपी पिछले 3 साल से पीड़िता का यौन शोषण कर रहा था, लेकिन हाल ही में उसने चोरी-छिपे दूसरी लड़की से सगाई कर ली। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी। भांडेर पुलिस द्वारा 'जीरो पर एफआईआर' दर्ज करने के बाद कंपू थाना पुलिस ने मुख्य मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

वार्डों में चला जलकर का वसूली अभियान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. आगामी मानसून को देखते हुए जलभराव वाले स्थानों पर निगम द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिसको लेकर आज सहायक यंत्री श्री कार्तिक पटेल ने अनेक स्थानों पर निरीक्षण कर जलभराव का निराकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जल कर वसूली अभियान चलाते हुए लगभग 45 हजार रूपये की जलकर वसूली की।

सहायक यंत्री श्री कार्तिक पटेल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा जारी सख्त निर्देशानुसार, शहर के ऐसे सभी स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां बारिश का पानी जमा होता है, वहां पर वाटर हार्वेस्टिंग, नालों से अतिक्रमण हटाना एवं नालों की सफाई आदि कार्य किया जा रहा हैं। जिसके लिए नरसिंह नगर, रमटा पुरा, गांधी नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके साथ ही वार्ड 16 एवं वार्ड 17 विशेष जलकर वसूली अभियान चलाया गया जिसमें रेलवे स्टेशन के बाहर बने प्रतिष्ठानों से जलकर वसूली हेतु दल गठित कर कार्यवाही कर 45 हजार रूपये का जलकर वसूल किया गया।

लक्ष्मीगंज में 15 से श्रीमद्भागवत की अमृत वर्षा

ग्वालियर 2 जुलाई. एबी रोड, लक्ष्मीगंज स्थित हरे शिव गार्डन के समीप 'कथा आराधना बैंक्वेट हॉल' में आगामी 15 जुलाई से 21 जुलाई तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रख्यात भागवताचार्य पं. घनश्याम शास्त्री द्वारा प्रतिदिन सायंकाल 4:00 बजे से 7:00 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा।

नालों की सफाई के साथ अतिक्रमण पर चली निगम की जेसीबी

ग्वालियर 2 जुलाई. शहर में आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का विशेष अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए निगम अमला न सिर्फ नालों की गाद निकाल रहा है, बल्कि नालों के प्रवाह को बाधित करने वाले अवैध अतिक्रमणों को भी सख्ती से हटाने की कार्रवाई कर रहा है। अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही प्रतिदिन की जा रही है। जिसके तहत आज लक्कड़ खाना पुल स्थित नलो पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई तथा आमजन को हिदायत दी गई कि नाले पर द्वारा अतिक्रमण किया तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

लाल टिपारा देश की आदर्श गौशाला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. लाल टिपारा स्थित गौशाला देश की आदर्श गौशाला है, इसे कई बार बेहतर प्रबंधन, गायों की बेहतर देखभाल के लिए पुरस्कार मिल चुका है। गौशाला में अब अमृत सरोवर बनाया जाए इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। यह बात आदर्श गौशाला में भ्रमण के दौरान सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह एवं भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्री महेंद्र सिंह ने कही।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष मनोज तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजोरिया, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा, पार्षद बृजेश श्रीवास, श्री

कृष्णायन के संत श्री मधुरेंद्रानंद महाराज आदि उपस्थित थे। उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह एवं भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्री महेंद्र सिंह ने गुरुवार को आदर्श गौशाला का भ्रमण किया.

युवाओं के भविष्य एवं कृषि संकट को लेकर होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन : अशोक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 जुलाई. मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा राज्य भर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जा रहा है। आंदोलन युवाओं, किसानों तथा आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सरकार की जबाबदेही सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है।

उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये राज्यसभा सदस्य अशोक सिंह, जिलाध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस सुरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि राज्य में लाखों युवाओं का भविष्य लगातार संकट में डाला जा रहा है। नीट एवं सीबीएसई परीक्षा से जुडे विवादों तथा विद्यार्थियों की शिकायतों ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खडे किये है। प्रभावित विद्यार्थी ने न्याय की गुहार लगाई लेकिन उन्हें समय पर

राहत नहीं मिली। कांग्रेस हमेशा छात्रों के साथ खडी है। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी अन्याय का मुददा उठाया । इन्हीं विषयों को लेकर प्रदेश कांग्रेस गूंज अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच जायेगी। साथ ही शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता , जबाबदेही और न्याय की मांग करेगी।

अशोक सिंह ने कहा कि खरीफ सीजन के बीच प्रदेश का किसान खाद एवं बीज के संकट से गुजर रहा है। किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया, अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं हो पा रहे है। एनपीके मंहगे दामों पर बेची जा रही है। खाद की टोकन व्यवस्था से किसानों को कई दिनों तक इंतजार करना पड रहा है। खाद कालाबाजारी मनमाने दाम प्यांस बिजली उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें लगातार मिल रही है। इससे खरीफ बुबाई प्रभावित हो रही है। इन सभी मुददों को लेकर कांग्रेस गांव गांव तक संघर्ष करेगी।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस जल्द ही एक विशेष डिजिटल पोर्टल शुरू करेगी। जहां प्रदेश का कोई भी नागरिक भ्रष्टाचार, सार्वजनिक संसाधनों के दुरूपयोग , अवैध संपत्ति आदि को साझा कर सकेगा। कांग्रेस इन शिकायतो का सत्यापन के बाद सार्वजनिक करेगी इसमं नागरिक की पहचान पूर्णत: सुरक्षित रखी जाएगी। साथ ही कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी जिसमें छात्रों की गूंज अभियान , 14-15 जुलाई को इंदौर से भोपाल तक सायकल यात्रा, मुख्यमंत्री से जिले के दौरे के दौरान सार्वजनिक रूप से प्रश्न पूछे जाऐंगे। 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव के साथ ही इन मुद्दों को विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाया जाएगा।

कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम ग्वालियर

क्रमांक 06/26/2/10/राजस्व/2026 ग्वालियर दिनांक. 2/07/26

ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, ग्वालियर द्वारा निगम स्वामित्व की ढोली बुआ पुल स्थित भीकम मार्केट के आवासीय प्रकोष्ठ को 30 वर्ष की लीज पर आवंटन किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

S. no.	Name of work	Probable Amount of Contract	EMD	Tender No.	Last Date of purchase online tender date	period of complation including excluding
01	Dholi bua pul sthit Market SF Flate n.1 Unresrved 66.46 sq.m.	23,78,205/-	1,18,910/-	2026_UAD_518185_1	29-7-2026	30 year
02	Dholi bua pul sthit Market SF Flate n.2 Unresrved 61.16 sq.m.	21,88,549/-	1,09,427/-	2026_UAD_518200_1	29-7-2026	30 year
03	Dholi bua pul sthit Market SF Flate n.3 Unresrved 57.76 sq.m.	20,66,884/-	1,03,344/-	2026_UAD_518169_1	29-7-2026	30 year

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी बेवसाईट http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

R.o. 473 दि. 02/07/2026

उपायुक्त राजस्व
नगर निगम, ग्वालियर

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95